# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर की कार्य परिषद की दिनांक 10.11.2022 को सम्पन्न 21वीं बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नलिखित उपस्थित हुयेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **प्रो0 समशेर**<br>कुलपति,<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | अध्यक्ष |
| 2. | **प्रो0 डी0 परमार**<br>प्रति– कुलपति<br>एच0बी0टी0यू0, कानपुर। | सदस्य |
| 3. | **श्री अन्नावि दिनेश कुमार**<br>विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग (प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 4. | **प्रो0 मनीष गौर, प्रति– कुलपति**<br>डा0 ए0पी0जे0अ0क0 प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 5. | **प्रो0 तपोव्रत लहरी**<br>आई0आई0आई0टी0 प्रयागराज।<br>(निदेशक, आई0आई0आई0टी0, प्रयागराज द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 6. | **श्री अजय जौहरी,**<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, वित्त विभाग के द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 7. | **डा0 रिपुदमन सिंह**<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, कानपुर मण्डल, कानपुर।<br>(प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 8. | **प्रो0 मनोज सिंह गौर,**<br>निदेशक, आई0आई0टी0, जम्मू<br>(शासन स्तर से नामित प्रौद्योगिकीविद्) | सदस्य<br>(वीडियो कान्फ्रेन्सिंग) |
| 9. | **श्री राहुल गोयनका**<br>आटोमोबाइल इण्डस्ट्री, डी 59/146 ए, गोयनका निवास, सिगरा, वाराणसी–201010<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |
| 10. | **श्री यादवेन्द्र सिंह**<br>मैनेजिंग डाइरेक्टर, ग्रोमोर इण्टरनेशनल लि0, डी–5, साइट–1, पनकी इण्डस्ट्रियल एरिया, कानपुर–208022<br>(शासन स्तर से नामित उद्योगपति) | सदस्य |
| 11. | **श्री गोपाल खरे**<br>वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | विशेष आमंत्री |
| 12. | **प्रो0 नीरज कुमार सिंह,**<br>कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0 कानपुर। | सदस्य–सचिव |

बैठक में निम्नलिखित सदस्य व्यस्थता के कारण उपस्थित नहीं हो सकेः

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **प्रो0 योगेश सिंह,**<br>कुलपति, दिल्ली विश्वविद्यालय, बेन्टो जार्ज मार्ग, साउथ कैम्पस, साउथ मोतीबाग, नई दिल्ली–110021<br>(अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 2 | निदेशक, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |
| 3 | **डा0 चन्द्र शेखर उपाध्याय,**<br>एरोस्पेश इंजीनियरिंग विभाग, आई0आई0टी0, कानपुर। | सदस्य |

मा0 अध्यक्ष, कार्यपरिषद द्वारा बैठक प्रारम्भ होने के पूर्व बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया और बैठक में विख्यात उद्योगपति श्रेणी में नव नामित दो माननीय सदस्यों श्री राहुल गोयनका, निदेशक, गोयनका मोटर्स प्राईवेट लिमिटेड तथा श्री यादवेन्द्र सिंह, निदेशक, ग्रोमोर इन्टरनेशनल लि0 का परिचय शेष मा0 सदस्यों से कराया गया।

मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित मा0 सदस्यों को विगत माहों में विश्वविद्यालय में सम्पन्न गतिविधियों से अवगत कराते हुये सम्पन्न शिक्षक भर्ती में मा0 सदस्यों द्वारा प्रदान किये गये सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया और कार्यपरिषद को अवगत कराया गया कि 44 नवनियुक्त शिक्षकों द्वारा कार्यभार ग्रहण किया जा चुका है। विश्वविद्यालय के 07 स्नातक पाठ्यक्रमों (कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0, यांत्रिक अभि0, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0, ऑयल टेक0, पेन्ट टेक0, प्लास्टिक टेक0 औरफूड टेक0) का प्रत्यायन 03 वर्ष अर्थात 2025 तक की अवधि हेतु प्राप्त हो जाने से भी सूचित किया गया। मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा मा0 मंत्री, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 सरकार के ''नैक'' मुल्यांकन की तैयारियों हेतु विश्वविद्यालय पधारने की जानकारी दी गयी और अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की नैक तैयारियों की मा0 मंत्री महोदय द्वारा प्रसंशा की गयी है। विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र ही ''नैक'' मुल्यांकन हेतु आई0आई0क्यू0ए0 प्रेषित किये जाने की जानकारी भी कार्यपरिषद के मा0 सदस्यों को दी गयी। मा0 कुलपति महोदय द्वारा कार्यपरिषद को मुख्य सचिव महोदय द्वारा विश्वविद्यालय के दोनो परिसरों में मध्य आवागमन सुविधा के अन्तर्गत साईकिल एवं ई–रिक्शा संचालन का उद्घाटन किये जाने की जानकारी दी गयी और बताया गया कि वर्तमान में 100 साईकिल एवं 30 रिक्शा दोनों परिसरों में मध्य संचालित हैं। विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्र प्रवेश प्रक्रिया के सम्बन्ध में मा0 कुलपति महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि सत्र 2022–23 हेतु पी0एच0डी0, एम0सी0ए0, बी0बी0ए0 और एम0बी0ए0 प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और कक्षाएं प्रारम्भ हो चुकी हैं। बी0टेक0 पाठ्क्रम हेतु प्रवेश प्रक्रिया प्रगति पर हैं और प्रक्रिया पूर्ण करते हुए कक्षाएं दिनांक 17.11.2022 से प्रारम्भ किया जाना निर्धारित है। मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में स्थापित एच0बी0टी0यू0–टी0बी0आई0 फाउन्डेशन (सेक्शन–8 कम्पनी) में अभी तक 13 स्ट्रार्टअप पंजीकृत हो चुके हैं। प्लेसमेन्ट के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि अद्यतन 116 छात्रों को सेवायोजित किया जा चुका है तथा विगत वर्ष 80 प्रतिशत छात्रों को सेवायोजन प्रदान किया गया था तथा शेष लगभग 20 प्रतिशत छात्र उच्च शिक्षा अथवा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियाँ कर रहे है। मा0 अध्यक्ष द्वारा कार्यपरिषद को अवगत कराया गया कि दिनांक 24.11.2022 को विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह सम्पन्न होना निर्धारित है। इस दीक्षान्त समारोह में लगभग 700 छात्रों को डिग्री प्रदान की जाएगी। मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त मा0 सदस्यों से दीक्षान्त समारोह में पधारने हेतु अनुरोध किया गया।

विगत बैठक में भॉति प्रत्येक बैठक में एक विभाग द्वारा विभाग में उपलब्ध सुविधाओ और भविष्य की योजनाओं के सम्बन्ध में प्रेजन्टेशन दिये जाने के क्रम

में बैठक में विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी0 विभाग द्वारा प्रेजन्टेशन दिया गया।

बैठक में उपलब्ध मा0 सदस्यों द्वारा मा0 अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रस्तुत प्रगति आख्या एवं कम्प्यूटर सांइस एण्ड इंजी0 विभाग द्वारा प्रस्तुत प्रेजेन्टेशन पर संतोष व्यक्त किया गया तत्पश्चात 21वीं कार्यपरिषद के मदों पर चर्चा प्रारम्भ हुयी।

मद सं0 21.01: **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 05.07.2022 को सम्पन्न 20वीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

परिषद ने विश्वविद्यालय की दिनांक 05.07.2022 को सम्पन्न 20वीं बैठक के कार्यवृत्त के पुष्टीकरण पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

मद सं0 21.02: **हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय कानपुर कार्य परिषद की दिनांक 05.07.2022 को सम्पन्न 20वीं बैठक मे लिये गये निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण।**

परिषद द्वारा दिनांक 05.07.2022 को सम्पन्न 20वीं बैठक में लिये गये निर्णयों में कृत कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया। विशेष सचिव प्राविधिक शिक्षा विभाग ने परिषद को श्री प्रभान्शु कुमार द्वारा की गयी शिकायत को शासन द्वारा गठित समिति के बारे मे अवगत कराया । विश्वविद्यालय द्वारा अवगत कराया गया कि श्री प्रभान्शु कुमार को मा0 उच्च न्यायालय द्वारा निदेशानुसार साक्षात्कार हेतु अन्य अभ्यर्थियों के साथ शामिल किया था तथा चयन समिति द्वारा कोई भी अभ्यर्थी पद हेतु उपयुक्त नही पाया गया।

मद सं0 21.03 **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की दिनांक 01/11/2022 को सम्पन्न 14वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने दिनांक 01.11.2022 को सम्पन्न विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की 14वीं बैठक के कार्यवृत्त पर अपना अनुमोदन प्रदान किया।

मद सं0 21.04 **विश्वविद्यालय में नवनियुक्त सहायक आचार्य डा0 ऋचा तोमर, लेदर टेक0 विभाग के परिवीक्षा अवधि मे 1 वर्ष वेतनरहित अवकाश हेतु किये गये अनुरोध पर निर्णय लिये जाने के सम्बन्ध मे ।**

परिषद् ने डा0 ऋचा तोमर, सहायक आचार्य, लेदर टेक0 को उच्च शिक्षा हेतु विदेश (बेलजियम) जाने के लिये एक वर्ष का वेतन रहित अवकाश पर अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया कि अवकाश अवधि के उपरान्त एक माह के अन्दर विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण न करने की स्थिति में उनकी नियुक्ति स्वतः समाप्त हो जायेगी तथा प्रोवेशन की अवधि मे इस अवकाश अवधि के वर्ष की गणना नही होगी तथा प्रोवेशन अतिरिक्त एक वर्ष बढ़ जायेगा।

**मद सं0 21.05** **प्रो0 दिप्तीक परमार, सिविल इंजी0 विभाग को विश्वविद्यालय में प्रति–कुलपति का कार्य एवं दायित्व सौपे जाने पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने डा0 दिप्तीक परमार, आचार्य, सिविल इंजी0 विभाग को प्रति–कुलपति बनाये जाने पर हर्ष ध्वनि के साथ स्वागत करते हुये कार्येत्तर अनुमोदन के साथ ही कार्यपरिषद ने प्रतिकुलपति को रू0 20000/– (बीस हजार मात्र) तक के व्यय का वित्तीय अनुमोदन का अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 21.06** **विश्वविद्यालय की विद्या परिषद मे शैक्षणिक श्रेष्ठता प्राप्त 05 विशेषज्ञों को नामित करने के सम्बन्ध में।**

परिषद ने सर्व सम्मति से विश्वविद्यालय की विद्या परिषद में निम्नोक्त शैक्षिक श्रेष्ठताा प्राप्त सदस्यों को नामित किया:–

1. प्रो0 जे0रामकुमार, मैकेनिकल इंजी0 विभाग, आई0आई0टी0, कानपुर
2. प्रो0 बी0आर0 गुज्जर, सिविल इंजी0 विभाग, आई0आई0टी0, रूड़की
3. प्रो0 अनिल वर्मा, केमिकल इंजी0 विभाग, आई0आई0टी0, दिल्ली
4. प्रो0 आर0एस0 यादव, एम0एन0एन0आई0टी0, इलाहाबाद
5. प्रो0 विशाल वर्मा, इलेक्ट्रिकल इंजी0 विभाग, डी0टी0यू0, दिल्ली

**मद सं0 21.07** **विश्वविद्यालय के नवनिर्मित शताब्दी भवन एवं राधाकृष्णन सभागार, पुरानी कैन्टीन तथा नई कैन्टीन आवंटन हेतु निर्धारित किराये पर कार्येत्तर अनुमोदन किये जाने के सम्बन्ध मे।**

परिषद ने विश्वविद्यालय मे स्थित शताब्दी भवन, राधाकृष्णन सभागार, पुरानी कैन्टीन एवं नई कैन्टीन आवंटन हेतु निम्नलिखित प्रस्तावित दरों पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. शताब्दी भवन | रू0 40000/– | प्रतिदिन + जी0एस0टी0 |
| 2. राधाकृष्णन सभागार | रू0 15000/– | प्रतिदिन + जी0एस0टी0 |
| 3. पुरानी कैन्टीन | रू0 7000/– | प्रतिमाह + (जलकर एवं विद्युतकर बिल के अनुसार) |
| 4. नई कैन्टीन | रू0 5000/– | प्रतिमाह+ (जलकर एवं विद्युतकर बिल के अनुसार) |

उक्त के अतिरिक्त यह भी निर्देश प्रदान किये कि शताब्दी भवन एवं राधाकृष्णन सभागार के किराये पर पुनर्मूल्यांकन हेतु एक नवीन समिति का गठन करने तथा भविष्य में कैन्टीन की टेण्डर प्रक्रिया के माध्यम से आवंटित किया जाय।

**मद सं0 21.08** **एच0बी0टी0यू0, कानपुर मे डा0 नीरज कुमार सिंह प्रतिनियुक्ति के आधार पर कुलसचिव के पद पर नियुक्ति के क्रम मे पैतृक विभाग मे धारित वेतनमान मे वेतन अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में।**

प्रकरण कुलसचिव से सम्बन्धित था, अतः कुलसचिव मा0 अध्यक्ष महोदय की अनुमति रो बाहर रहे। परिषद ने विश्वविद्यालय मे प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत प्रो0 नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव की प्रतिनियुक्ति नियमों के अन्तर्गत कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उनके पैतृक विभाग में धारित वेतनमान में मूलवेतन के अनुसार वेतन अनुमन्य किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 21.09** **विश्वविद्यालय के प्रो0 ओंकार सिंह, मैकेनिकल इंजी0 विभाग को वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, देहरादून मे कुलपति के पद पर कार्यभार ग्रहण करने के सम्बन्धी सूचना से परिषद को अवगत कराने के सम्बन्ध मे।**

परिषद् ने डा0 ओंकार सिंह, मैकेनिकल इंजी0 विभाग में वीर माधो सिंह हजारी ,उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून में कुलपति पद पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु दिये गये तीन वर्ष धारणाधिकार सहित अवकाश स्वीकृत किये जाने पर कार्येत्तर अनुमोदन प्रदान किया।

**मद सं0 21.10** **विश्वविद्यालय मे नवनियुक्त आचार्य मैकेनिकल इंजी0 विभाग के डा0 राजेश कुमार वर्मा के वेतन संरक्षण के निर्णयार्थ।**

अध्यक्ष कार्यपरिषद ने उक्त प्रस्ताव अपूर्ण होने के दृष्टिगत उसे वापस लेने का निर्णय लिया और विस्तृत एवं पूर्ण प्रस्ताव अगली बैठक मे प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

**मद सं0 21.11** **श्री जय प्रकाश नायक, सहायक आचार्य, सिविल इंजी0 विभाग के जाति प्रमाण पत्र हेतु प्राप्त विधिक राय के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने सम्यक विचारोपरान्त निर्देशित किया कि श्री जय प्रकाश नायक, सहायक आचार्य, सिविल इंजी0 विभाग को सोकॉज नोटिस (So-Cause Notice) जारी किये जाने के साथ जिला प्रशासन मऊ द्वारा जारी वैध अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र 15 कार्य दिवसों में विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रदान किये। उक्त कार्य 15 दिवसों मे सम्पन्न न हो सकने की स्थिति में, श्री नायक द्वारा अनुरोध करने पर अतिरिक्त 15 कार्य दिवसों की अवधि अनुमन्य करने हेतु अध्यक्ष कार्यपरिषद को अधिकृत किया गया । उक्त अवधि मे अन्दर वैध प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया।

**मद सं0 21.12** अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद पर विचार।

**मद सं0 21.12.01** **डा0 कृष्णराज, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 को दिनांक 25.01.2015 रो कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (कैस) के अन्तर्गत आचार्य पद पर प्रोन्नत किये जाने के स्थान पर समिति की आख्या अनुसार दिनांक 25.01.2013 से आचार्य पद पर प्रोन्नत किये जाने के सम्बन्ध में।**

परिषद् ने सम्यक विचारोपरान्त डा0 कृष्णराज, आचार्य, इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 विभाग में दिनांक 25.01.2015 से आचार्य पद पर प्रोन्नति किये जाने के स्थान पर विश्वविद्यालय में दिनांक 20.01.2007 को सहायक आचार्य 12000–18300 में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से नियमानुसार 25.01.2010 से AGP Rs. 9000/– उसके तीन वर्ष उपरान्त दिनांक 25.01.2013 से कैस के अन्तर्गत आचार्य पद पर प्रोन्नति प्रदान कर AGP 10000/– दिये जाने पर निर्देश प्रदान किये।

**मद सं0 21.12.02** **डा0 छगन लाल, एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन विभाग के प्रकरण पर कार्य परिषद् की द्वितीय बैठक के मद सं0 2.08 दिनांक 10.04.2018 मे लिये गये निर्णयों पर पुर्नविचार के सम्बन्ध में ।**

परिषद् ने सम्यक विचारोपरान्त डा0 छगन लाल, आचार्य, रसायन विभाग को कार्य परिषद् की द्वितीय बैठक के मद सं0 2.08 पर लिये गये निर्णय पर पुर्नविचार कर उस निर्णय को निक्षेपित किये जाने पर निर्देश प्रदान किये।

**मद सं0 21.12.03** **विश्वविद्यालय के समग्र विकास हेतु स्ट्रेटजिक प्लान, गतिविधियों/कार्यो को और व्यवस्थित किये जाने के परिपेक्ष्य में बनायी गयी पालिसीज पर विचार।**

परिषद् ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत विभिन्न "Policy Documents" का संज्ञान लेते हुये अनुमोदन प्रदान किया।

अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)
सदस्य–सचिव

**कार्यालय – कुलसचिव**
**हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय**
**कानपुर– 208002**

**संख्या :- 1780/अदम/ओटीटीएससी/कार्यपरि0–21वी कार्यवृत्त/2022** **दिनांक:- 19.11.2022**

प्रतिलिपिः विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर को मा0 कुलपति/अध्यक्ष, कार्यपरिषद के संज्ञानार्थ।

(प्रो0 नीरज कुमार सिंह)